भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 964

24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए शीर्ष अनुसंधान संस्थान की स्थापना

964. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:
श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए शीर्ष अनुसंधान संस्थान स्थापित करने के प्रस्ताव तथा उनकी अनुमानित लागत, संस्थागत संरचना और शासन ढांचे का ब्यौरा क्या है;

(ख) इसके प्रथम चरण में स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों की प्रस्तावित संख्या कितनी है;

(ग) क्या महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों से इन संस्थानों की स्थापना के लिए भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया गया है;

(घ) यदि हां, तो भूमि आवंटन की वर्तमान स्थिति और संबंधित प्रशासनिक स्वीकृतियों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा के अवसरों के विस्तार, अनुसंधान क्षमता को बढ़ाने तथा योग और प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं तक जनता की पहुंच में सुधार के संदर्भ में इस पहल के अपेक्षित परिणामों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): वर्तमान में, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के लिए एक शीर्ष अनुसंधान संस्थान स्थापित करने का मंत्रालय में कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****